प्रेषक,

अपर मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

मण्डलीय अपर निदेशक,
चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण
मण्डल–मेरठ, उत्तर प्रदेश।

पत्रांकः–एस.पी.एम.यू./एन.एच.एम./सहयोगात्मक पर्यवेक्षण/मेरठ मण्डल/2024–25/3279 दिनांकः02-09-2024

**विषयः–राज्य स्तरीय दल द्वारा दिनांक 13–17 अगस्त 2024 के मध्य मेरठ मण्डल के जनपद– हापुड़, मेरठ व गाजियाबाद में किये गये सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की आख्या पर कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

अवगत कराना है कि राज्य स्तरीय टीम द्वारा दिनांक **13–17 अगस्त 2024 के मध्य मेरठ मण्डल के जनपद– हापुड़, मेरठ व गाजियाबाद** के मण्डलीय एवं जनपदीय ड्रग वेयर हाउस, जनपद व ब्लाक स्तरीय चिकित्सा इकाईयों तथा नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का स्थलीय सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया था।

राज्य स्तरीय दल के सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के दौरान मेरठ मण्डल के भ्रमण किये गये जनपदों में प्रकाश में आये बिन्दुओं के आधार पर भ्रमण आख्या पत्र के साथ संलग्न कर इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि भ्रमण दल द्वारा इंगित की गई कमियों का निराकरण करते हुए अनुपालन आख्या आगामी 15 कार्यदिवस में महाप्रबन्धक, परिवार नियोजन, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0 को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**संलग्नकः पर्यवेक्षण आख्या।**

भवदीय

(धीरेन्द्र सिंह सचान)
अपर मिशन निदेशक

पत्रांकः–**एस.पी.एम.यू./एन.एच.एम./सहयोगात्मक पर्यवेक्षण/ मेरठ मण्डल /2024–25/** तद्दिनांक

**प्रतिलिपिः** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. मिशन निदेशक, एन0एच0एम0, उ0प्र0।
2. महानिदेशक, प0क0, परिवार कल्याण महानिदेशालय, उ0प्र0।
3. जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, हापुड़, मेरठ व गाजियाबाद उ0प्र0।
4. मुख्य चिकित्साधिकारी– हापुड़, मेरठ व गाजियाबाद, उ0प्र0 को उनके जनपद की आख्या के आधार पर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही कराने के सम्बन्ध में।
5. महाप्रबन्धक, मूल्यांकन एवं अनुश्रवण, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, उ0प्र0।
6. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, मेरठ मण्डल उ0प्र0 को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, जिला कम्युनिटी प्रासेस प्रबन्धक एवं जिला लेखा प्रबन्धक, जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, हापुड़, मेरठ व गाजियाबाद उ0प्र0 को पर्यवेक्षण रिपोर्ट के सापेक्ष आवश्यक कार्यवाही एवं सम्बन्धित द्वारा आख्या हेतु प्रेषित।

(धीरेन्द्र सिंह सचान)
अपर मिशन निदेशक

## मेरठ मण्डल के जनपदों की विजिट आख्या

**भ्रमण अवधि– दिनांक 13.08.2024 से 17.08.2014**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत दिनांक 13 से 17 अगस्त 2024 तक परिवार नियोजन अनुभाग की राज्य स्तरीय टीम द्वारा मेरठ मण्डल के जनपदों का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया। पर्यवेक्षण आख्या निम्नवत् है–

**राज्य स्तरीय टीम**

1. मो0 काशिफ, स्टेट मैनेजर, एफ0पी0एज0एम0आई0एस0, परिवार नियोजन।
2. श्री अखिलेश कुमार श्रीवास्तव, कार्यक्रम समन्वयक, परिवार नियोजन।

**भ्रमण किये गये जनपद– मेरठ, हापुड़ एवं गाजियाबाद।**

**जनपद– हापुड भ्रमण की गयी चिकित्सा इकाईयॉ–**

1. सी0एच0सी0 गोहरा आलमगीर
2. पी0एच0सी0 कासमाबाद।
3. जनपदीय ड्रगवेयर हाउस, हापुड़।

**समीक्षा बैठक व अभिमुखीकरण–**

1. मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय, हापुड़ में जनपद स्तरीय अधिकारी, डी0पी0एम0, डी0सी0पी0एम0, डैम, अरबन कोआर्डिनेटर, चिकित्सा इकाईयों के प्रभारी, बी0पी0एम0, बी0सी0पी0एम0 एवं ब्लाक लेखा प्रबन्धक।

**जनपद– मेरठ भ्रमण की गयी चिकित्सा इकाईयॉ–**

1. सी0एच0सी0 भुडभराल एवं आशाओं के परिवार नियोजन लाभार्थियों से समुदाय के मध्य सम्पर्क।
2. मण्डलीय ड्रगवेयर हाउस, परतापुर, मेरठ।
3. मिस्टर स्मार्ट सम्मेलन, ग्राम– बाली, विकास खण्ड–परिक्षितगढ़ में प्रतिभाग।

**बैठक व अभिमुखीकरण–**

अपर निदेशक एवं संयुक्त निदेशक, चिकि0 स्वा0 एवं प0क0 मेरठ मण्डल से मण्डलीय ड्रगवेयर हाउस, परतापुर के सुदृढ़ीकरण एवं क्रियाशील किये जाने पर चर्चा व भ्रमण के बिन्दुओं से अवगत कराना।

**जनपद– गाजियाबाद की भ्रमण की गयी चिकित्सा इकाईयॉ–**

1. सी0एच0सी0 भोजपुर
2. अरबन पी0एच0सी0 कृष्णानगर।
3. जनपदीय ड्रगवेयर हाउस, गाजियाबाद।

**मुख्य चिकित्साधिकारी से फीडबैक –**

मुख्य चिकित्साधिकारी गाजियाबाद से चर्चा व भ्रमण के बिन्दुओं से अवगत कराना।

**मुख्य बिन्दु व किये गये सहयोत्मक कार्य**
**जनपद में भ्रमण के अवलोकन बिन्दु, सुझाव व सुधारात्मक कार्य निम्न हैं–**

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र –गोहरा आलमगीर, हापुड़**

- विभिन्न कार्यक्रमों की अपडेटेड आई0ई0सी0 यथास्थान डिस्प्ले नहीं है।
- पी0पी0आई0यू0सी0डी0 के प्रोवाइडर्स का भुगतान लम्बित हैं।
- पी0पी0आई0यू0सी0डी0 के एच0एम0आई0एस0 रिपोर्ट एवं उपलब्ध डाटा में समानता नहीं पायी गयी। भारत सरकार के स्तर से दिनांक 08.08.2024 को की गई समीक्षा में उक्त चिकित्सा इकाई को 90 प्रतिशत से अधिक पी0पी0आई0यू0सी0डी0 लगने वाली चिकित्सा इकाई में चिन्हित किया गया था। पाया गया कि पी0पी0आई0यू0सी0डी0 रिपोर्टिंग गलत की गई थी।
- नसबन्दी की सेवायें प्राप्त लाभार्थियों के प्रमाणपत्र का वितरण नहीं किया गया था तथा रिकार्ड भी सही तरीके से नहीं भरवाये गये थे। रिकार्ड सही करवाये गये।
- अन्तरा इन्जेक्शन कार्ड की फाइलिंग सही करायी गयी।
- सभी 04 स्टाफ नर्स आई0यू0सी0डी0, पी0पी0आई0यू0सी0डी0 व अन्तरा–छाया विधा में प्रशिक्षित हैं। परिवार नियोजन से सम्बंधित डॉक्यूमेंटेशन ठीक से नहीं किया जा रहा हैं जिसे ठीक करने तथा HMIS में फीड करने का सुझाव दिया गया। पी0पी0आई0यू0सी0डी0 के लाभार्थियों का फॉलोअप भी कम है। सम्बन्धित स्टाफ को पी0पी0आई0यू0सी0डी0 के शत प्रतिशत लाभार्थियों का फालोअप करने का सुझाव दिया गया।
- सम्बन्धित स्टाफ को अन्तरा के द्वितीय व बाद के डोज लगवाने हेतु नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाने हेतु लाभार्थियों को सलाह देने का सुझाव दिया गया।

- कण्डोम बाक्सेज नियमित रुप से भरवाने तथा परिवार नियोजन के समस्त प्रिण्टेड रजिस्टर उपलब्ध कराने का सुझाव दिया गया। आई0यू0सी0डी0 इनसर्शन रजिस्टर पर पी0पी0आई0यू0सी0डी0 के डाटा की इण्ट्री की जा रही है।
- परिवार नियोजन सामग्रियों के मॉग, वितरण व प्रबन्धन हेतु एफ0पी0एल0एम0आई0एस0 पोर्टल पर नियमित इण्ट्री नहीं की जा रही है। पोर्टल व भौतिक रिकार्ड में भिन्नता पायी गयी।
- प्रसव कक्ष में शू रैक उपलब्ध नहीं पाया गया।




**प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र –कस्तला (कसमाबाद), हापुड़**

- चिकित्सा इकाई के मुख्य द्वार का बोर्ड टूटा हुआ था। चिकित्सा इकाई परिसर में साफ सफाई का अभाव पाया गया।
- विभिन्न कार्यक्रमों की अपडेटेड आई0ई0सी0 यथास्थान डिस्प्ले नहीं है।
- परिवार नियोजन से सम्बंधित डॉक्यूमेंटेशन ठीक से नहीं किया जा रहा हैं जिसे ठीक करने तथा HMIS में सही डाटा फीड कराने का सुझाव दिया गया। गत वर्ष 20 डिलीवरी के सापेक्ष 21 पी0पी0आई0यू0सी0डी0 रिपोर्टिंग की गई थी। जबकि सम्बन्धित ए0एन0एम0 द्वारा अवगत कराया गया कि सिर्फ आई0यू0सी0डी0 लगे है जिनकी गलत रिपोर्टिंग पी0पी0आई0यू0सी0डी0 में की गई है।
- बास्केट आफ च्वाइस की मुहर नहीं बनी हुई थी।
- सम्बन्धित स्टाफ को अन्तरा के द्वितीय व बाद के डोज लगवाने हेतु नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाने हेतु लाभार्थियों को सलाह देने का सुझाव दिया गया।
- कण्डोम बाक्सेज नही भरे गये थे। नियमित रुप से भरवाने का सुझाव दिया गया।




**मुख्य चिकित्साअधिकारी कार्यालय, हापुड़ में समीक्षा बैठक व फीडबैक**

भ्रमण टीम द्वारा निम्नानुसार फीडबैक दिया गया–

- राज्य स्तरीय टीम द्वारा सुझाव दिया गया कि ऑकड़ों की नियमित समीक्षा प्रत्येक स्तर के अधिकारियों द्वारा किया जाए। पी0पी0आई0यू0सी0डी0 लाभार्थी भुगतान सुनिश्चित कराया जाये।
- जनपद स्तर पर प्रत्येक माह वित्तीय व भौतिक प्रगति व सेवाप्रदतावार समीक्षा करने का सुझाव दिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि जिला संयुक्त चिकित्सालय के सेवाप्रदाताओं की समीक्षा उनके अध्यक्षता में करायी जाये।
- विश्व जनसंख्या दिवस पखवाड़ा 2024 की उपलब्धि में विगत वर्ष के उपलब्धि के सापेक्ष गिरावट पायी गयी। जनपद हापुड़ में वर्ष 2023 में 171 महिला नसबन्दी के सापेक्ष वर्ष 2024 में 135 महिला नसबन्दी तथा वर्ष 2023 में 24 पुरुष नसबन्दी के सापेक्ष वर्ष 2024 में 12 पुरुष नसबन्दी हुई। गिरावट के कारणों पर चर्चा करते हुए आगामी माह में उपलब्धि बढ़ाने हेतु सुझाव दिया गया।

- रिपोर्ट अपलोड करने से पूर्व डाटा वैलिडेशन कमेटी रिपोर्ट व सोर्स डाक्यूमेण्ट का सत्यापन कराने का सुझाव दिया गया।
- जनपद की समस्त चिकित्सा इकाईयों पर बास्केट आफ च्वाइस की मुहर उपलब्ध कराते हुए काउन्सलिंग के दौरान उपयोग सुनिश्चित कराने का सुझाव दिया गया।
- सास–बेटा–बहू सम्मेलन के आयोजन का सत्यापन सुनिश्चित कराने व ससमय रिपोर्टिंग कराने का सुझाव दिया गया।



**<u>सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र –भुडभराल, मेरठ</u>**

- कण्डोम बाक्सेज नहीं भरे गये थे। उपकेन्द्रों के 06 कण्डोम बाक्सेज चिकित्सा इकाई पर रखे हुए पाये गये।
- परिवार नियोजन से सम्बंधित डॉक्यूमेंटेशन ठीक से नहीं किया जा रहा हैं जिसे ठीक करने तथा HMIS में फीड करने का सुझाव दिया गया। पी0पी0आई0यू0सी0डी0 के लाभार्थियों का फॉलोअप भी कम है। सम्बन्धित स्टाफ को पी0पी0आई0यू0सी0डी0 के शत प्रतिशत लाभार्थियों का फालोअप करने का सुझाव दिया गया।
- सम्बन्धित स्टाफ को अन्तरा के द्वितीय व बाद के डोज लगवाने हेतु नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाने हेतु लाभार्थियों को सलाह देने का सुझाव दिया गया।
- आशा सुषमा के क्षेत्र भुडभराल में भ्रमण कर लाभार्थियों से सम्पर्क में पाया गया कि आशा द्वारा नियमित सेवायें प्रदान की जा रही हैं।
- विभिन्न कार्यक्रमों की अपडेटेड आई0ई0सी0 यथास्थान डिस्प्ले नहीं है।



**<u>समुदाय स्तरीय गतिविधियों का अवलोकन</u>**

**<u>मिस्टर स्मार्ट सम्मेलन</u>**

**<u>ग्राम–बली, विकास खण्ड–परिक्षितगढ़, जनपद– मेरठ</u>**

- मेरठ जनपद के विकास खण्ड मेरठ के ग्राम बली में मिस्टर स्मार्ट सम्मेलन का अवलोकन किया गया।
- सम्मेलन स्थल पर कठपुतली शो एवं जादू के माध्यम से भी जागरुकता सम्बन्धी जानकारियॉ प्रदान की जा रही थीं।
- सम्मेलन में मण्डल, जनपद एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारियों, क्षेत्र के सी0एच0ओ0, ए0एन0एम0 व आशाओं द्वारा अपने समुदाय के प्रतिभागियो के साथ प्रतिभाग किया गया था।
- सम्मेलन में ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में लगभग 80 प्रतिभागी पुरुषों द्वारा प्रतिभागिता की गई थी।
- सम्मेलन में परिवार नियोजन के विभिन्न साधनों, सेवाओं व दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि आदि के बारे में जानकारी प्रदान की गई तथा प्रतिभागियों के आशंकाओं का समाधान भी किया गया।




## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र –भोजपुर, गाजियाबाद

- प्रसव सम्बन्धी केसशीट विगत 01 सप्ताह से उपलब्ध नहीं है।
- कण्डोम बाक्सेज नहीं भरे गये थे। जिन्हें अपने समक्ष भरवाया गया तथा नियमित रुप से भरे जाने का सुझाव दिया गया।
- विभिन्न कार्यक्रमों की अपडेटेड आई0ई0सी0 यथास्थान डिस्प्ले नहीं है।
- डाटा वेलिडेशन कमेटी के बैठक रजिस्टर का अवलोकन करने पर पाया गया कि इश्यूज डिस्कस नहीं हो रहे है।
- नसबन्दी सेवायें निजी चिकित्सा इकाई में प्रदान करायी जा रही है। नियमानुसार चिन्हित चिकित्सा इकाई पर सेवायें प्रदान कराने का सुझाव दिया गया।
- परिवार नियोजन से सम्बंधित डॉक्यूमेंटेशन ठीक से नहीं किया जा रहा हैं जिसे ठीक करने तथा HMIS में फीड करने का सुझाव दिया गया। पी0पी0आई0यू0सी0डी0 के लाभार्थियों का फॉलोअप भी कम है। सम्बन्धित स्टाफ को पी0पी0आई0यू0सी0डी0 के शत प्रतिशत लाभार्थियों का फालोअप करने का सुझाव दिया गया।
- सम्बन्धित स्टाफ को अन्तरा के द्वितीय व बाद के डोज लगवाने हेतु नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाने हेतु लाभार्थियों को सलाह देने का सुझाव दिया गया।




## नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र – कृष्णानगर, गाजियाबाद

- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में साफ–सफाई व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी। परिसर व कक्ष साफ–सुथरे पाये गये। भवन के मुख्य द्वार पर बोर्ड नहीं लगा था। सम्बन्धित स्टाफ द्वारा बताया गया कि बोर्ड ऑधी में गिर जाने के कारण नहीं लगा है।
- समस्त कार्यक्रमों की विभिन्न आई0ई0सी0 पर्याप्त नहीं थे। अपडेटेड आई0ई0सी0 डिस्प्ले करने का सुझाव दिया गया।
- गर्भनिरोधक सामग्रियों का वितरण कम है। अन्तरा इन्जें0, फ्री सप्लाई गर्भ निरोधक यथा माला एन, ई0सी0 पिल्स एवं कन्डोम, आई0यू0सी0डी0, प्रेगनेन्सी टेस्ट किट आदि की उपलब्धता व वितरण अपडेट रखने का सुझाव दिया गया।
- कन्डोम बॉक्स भरा हुआ पाया गया।
- बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेण्ट की व्यवस्था संतोषजनक नहीं थी।
- स्टोर में बहुत अधिक मात्रा में दवाईयॉ पायी गयी। 88 अन्तरा इन्जेक्शन पाया गया जबकि रिकार्ड में बैलेन्स स्टाक 44 दिखाया गया था।




## मुख्य चिकित्साअधिकारी गाजियाबाद से फीडबैकः शेयरिंग–


भ्रमण टीम द्वारा निम्नानुसार फीडबैक दिया गया–

- राज्य स्तरीय टीम द्वारा सुझाव दिया गया कि ऑकड़ों की नियमित समीक्षा प्रत्येक स्तर के अधिकारियों द्वारा किया जाए।
- राज्य स्तरीय टीम द्वारा भ्रमण की गई चिकित्सा इकाईयों का फीडबैक साझा किया गया।
- जनपद स्तर पर प्रत्येक माह वित्तीय व भौतिक प्रगति समीक्षा करने का सुझाव दिया गया।

- जनपदस्तर से समस्त स्वास्थ्य इकाईयों (शहरी व ग्रामीण) पर मुद्रित समस्त रजिस्टर, प्रपत्र, फालोअप कार्ड्स, वाउचर्स, प्रमाणपत्र व आई0ई0सी0 सामग्री पोस्टर्स, पम्पलेट्स के साथ दीवार लेखन हेतु अपडेटेड आई0ई0सी0 उपलब्ध कराने का सुझाव दिया गया।
- दिशा निर्देशों का पालन करते हुए ससमय अधिकतम व्यय किया जाना। रोजाना भुगतान तथा लेखांकन किये जाने का अनुरोध किया गया।
- मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय द्वारा टीम को आश्वस्त किया गया कि टीम द्वारा भौतिक, वित्तीय, क्वालिटी आदि के परिप्रेक्ष्य में राज्य द्वारा किये गये सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के सुझाव/निर्देशों को अग्रिम माह के भ्रमण के पूर्व यथा सम्भव मानकों के अनुरुप संशोधित/उच्चीकृत कर दी जाएगीं।

**मण्डलीय ड्रगवेयर हाउस, परतापुर, मेरठ का भ्रमण–**

- मण्डलीय परिवार कल्याण ड्रगवेयर हाउस, परतापुर, मेरठ का मण्डलीय टीम के साथ भ्रमण किया गया। मण्डलीय परिवार कल्याण ड्रगवेयर हाउस तक पहुॅचने का सम्पर्क मार्ग भी काफी खराब है। रास्ते भर कटीली झाड़ियॉ हैं।
- मण्डलीय परिवार कल्याण ड्रगवेयर हाउस, परतापुर का रोलिंग शटर खराब था। साइड खिड़की के माध्यम से प्रवेश किया गया। रैक्स व कण्डम सामग्रियॉ व उपकरण रखे हुए पाये गये।
- मण्डलीय परिवार कल्याण ड्रगवेयर हाउस वर्तमान में अक्रियाशील अवस्था में है। जगह–जगह धूल व कटीली झाड़ियों से ऐसा प्रतीत हुआ कि भवन काफी समय से प्रयोग में नहीं है। बिजली का कनेक्शन भी काफी समय से कटा हुआ है। मानव संसाधन की उपलब्धता भी देखने को नहीं मिली।
- मण्डलीय परिवार कल्याण ड्रगवेयर हाउस से सम्बन्धित परिवार नियोजन सामग्रियॉ मण्डलीय अपर निदेशक कार्यालय में रखी जा रही है तथा आपूर्ति एवं वितरण कार्य भी वहीं से किया जा रहा है।
- भवन का मरम्मत एवं साफ–सफाई, झाड़ी आदि की कटाई, जेनरेटर की उपलब्धता व बिजली कनेक्शन के पुनः संयोजन, उपकरणों का मरम्मत व मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ भवन को क्रियाशील किये जाने का सुझाव दिया गया।
- मण्डलीय अपर निदेशक द्वारा अवगत कराया गया कि वनविभाग और अन्य के समन्वय से कुछ आवश्यक व्यवस्थायें कर क्रियाशील किये जाने का प्रयास किया जा रहा है।
- स्वीकृत मानव संसाधन कुल 09 पदों के सापेक्ष मात्र 01 पद भरा गया है, शेष पद रिक्त हैं।



(अखिलेश श्रीवास्तव)
कार्यक्रम समन्वयक, प0नि0

(मो0 काशिफ)
स्टेट मैनेजर, एफ0पी0एज0एम0आई0एस0,

प्रेषक,

अपर मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

मण्डलीय अपर निदेशक,
चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण
मण्डल–मेरठ, उत्तर प्रदेश।

पत्रांकः–एस.पी.एम.यू./एन.एच.एम./सहयोगात्मक पर्यवेक्षण/मेरठ मण्डल/2024–25/ दिनांकः02-09-2024

**विषयः–राज्य स्तरीय दल द्वारा दिनांक 13–17 अगस्त 2024 के मध्य मेरठ मण्डल के जनपद– हापुड़, मेरठ व गाजियाबाद में किये गये सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की आख्या पर कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

अवगत कराना है कि राज्य स्तरीय टीम द्वारा दिनांक **13–17 अगस्त 2024 के मध्य मेरठ मण्डल के जनपद– हापुड़, मेरठ व गाजियाबाद** के मण्डलीय एवं जनपदीय ड्रग वेयर हाउस, जनपद व ब्लाक स्तरीय चिकित्सा इकाईयों तथा नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का स्थलीय सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया था।

राज्य स्तरीय दल के सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के दौरान मेरठ मण्डल के भ्रमण किये गये जनपदों में प्रकाश में आये बिन्दुओं के आधार पर भ्रमण आख्या पत्र के साथ संलग्न कर इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि भ्रमण दल द्वारा इंगित की गई कमियों का निराकरण करते हुए अनुपालन आख्या आगामी 15 कार्यदिवस में महाप्रबन्धक, परिवार नियोजन, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0 को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**संलग्नकः पर्यवेक्षण आख्या।**

भवदीय

(धीरेन्द्र सिंह सचान)
अपर मिशन निदेशक

पत्रांकः–**एस.पी.एम.यू./एन.एच.एम./सहयोगात्मक पर्यवेक्षण/ मेरठ मण्डल /2024–25/**3279-7 तद्दिनांक

**प्रतिलिपिः** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. मिशन निदेशक, एन0एच0एम0, उ0प्र0।
2. महानिदेशक, प0क0, परिवार कल्याण महानिदेशालय, उ0प्र0।
3. जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, हापुड़, मेरठ व गाजियाबाद उ0प्र0।
4. मुख्य चिकित्साधिकारी– हापुड़, मेरठ व गाजियाबाद, उ0प्र0 को उनके जनपद की आख्या के आधार पर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही कराने के सम्बन्ध में।
5. महाप्रबन्धक, मूल्यांकन एवं अनुश्रवण, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, उ0प्र0।
6. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, मेरठ मण्डल उ0प्र0 को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, जिला कम्युनिटी प्रासेस प्रबन्धक एवं जिला लेखा प्रबन्धक, जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, हापुड़, मेरठ व गाजियाबाद उ0प्र0 को पर्यवेक्षण रिपोर्ट के सापेक्ष आवश्यक कार्यवाही एवं सम्बन्धित द्वारा आख्या हेतु प्रेषित।

30/8/24

(धीरेन्द्र सिंह सचान)
अपर मिशन निदेशक